दैनिक प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
# क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
बर्ष :-02 अंक :-227 मुरादाबाद 14 December 2022 (Wednesday) पृष्ठः-08 मूल्य :- 3.00 रूपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## चीन से झड़प के मुद्दे पर राजनाथ ने संसद में दिया जवाब, बोले- हमारे सैनिकों ने मुंहतोड़ जवाब दिया




भारत-चीन सेना के बीच हुई झड़प के मुद्दे पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज लोकसभा और राज्यसभा में जवाब दिया। राजनाथ के बयान के बाद भी विपक्ष ने जमकर हंगामा किया।भारत और चीनी सेना के बीच हुई झड़प के मुद्दे पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज लोकसभा और राज्यसभा में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि नौ दिसंबर 2022 को PLA गुट ( चीनी सेना ) ने तवांग सेक्टर के यांग्त्से क्षेत्र में, स्रष्ट पर अतिक्रमण कर यथास्थिति को एकतरफा बदलने का प्रयास किया। चीन के इस प्रयास का हमारी सेना ने दृढ़ता के साथ सामना किया। इस झड़प में दोनों तरफ से हाथापाई भी हुई। भारतीय सेना ने बहादुरी दिखाते हुए चीन के सैनिकों को अतिक्रमण करने से रोका और वापस लौटने पर मजबूर किया। कुछ ही देर में हमारे सैनिकों ने चीनी सैनिकों को खदेड़ दिया। इस दौरान हमारे किसी भी सैनिक की न तो मृत्यु हुई है, न ही कोई गंभीर रूप से घायल हुआ है। अधिकारियों के दखल के बाद पीएलए सैनिक वापस लौट गए। 11 दिसंबर को भारत के स्थानीय सैन्य अधिकारी ने पीएलए के अधिकारी के साथ बैठक की और इस घटना पर चर्चा की। उन्हें सीमा पर शांति बनाए रखने के लिए कहा गया है। मैं इस सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हमारी सेनाएं भारत की अखंडता के लिए प्रतिबद्ध हैं और इसके खिलाफ कोई भी प्रयास को रोकने के लिए तत्पर हैं। मुझे विश्वास है कि यह सदन भारत की सेना को समर्थन देगा और उसकी क्षमता और पराक्रम का अभिनंदन करेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज सुबह उच्च स्तरीय बैठक भी बुलाई- अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा ( एलएसी ) पर भारत और चीनी सैनिकों के बीच झड़प के मुद्दे पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उच्च स्तरीय बैठक बुलाई थी जो कि अब समाप्त हो गई है। इस बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और तीनों सेना प्रमुख रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को घटना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं आज इस मुद्दे पर संसद में हंगामे के भी आसार हैं। कांग्रेस ने जहां प्रधानमंत्री मोदी से जवाब की मांग कर रही है वहीं विपक्ष के कई सांसदों ने सस्पेंशन ऑफ बिजनेस नोटिस दिया है।

### नौ दिसंबर को हुई थी भारत-चीन सैनिकों के बीच झड़प

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, एलएसी पर चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ( पीएलए ) के सैनिकों का जमावड़ा 9 दिसंबर को देखा गया था। भारतीय सेना के जवानों ने चीनी सेना को वहां से हटने के लिए कहा और दृढ़ता से उन्हें आगे बढ़ने से रोका। इसके बाद हुई झड़प में दोनों पक्षों के सैनिकों को चोटें आईं। झड़प के तत्काल बाद दोनों पक्ष अपने इलाकों में लौट गए। बताया जा रहा है कि चीनी सैनिकों की तरफ से अचानक हुए इस हमले का मुहंतोड़ जवाब दिया गया। जहां भारत की तरफ से 20 सैनिक जख्मी हुए, वहीं चीन के घायल सैनिकों का आंकड़ा लगभग दोगुने से भी ज्यादा बताया जा रहा है।घटना के बाद भारत के स्थानीय कमांडर ने चीनी पक्ष के कमांडर के साथ फ्लैग मीटिंग की- घटना के बाद भारत के स्थानीय कमांडर ने चीनी पक्ष के कमांडर के साथ फ्लैग मीटिंग की और पहले से तय व्यवस्था के तहत शांति और स्थिरता कायम करने पर चर्चा की।

सेना के सूत्रों ने बताया कि तवांग में एलएसी के कुछ इलाके ऐसे हैं जहां दोनों ही पक्ष अपना दावा करते हैं और यहां दोनों देशों के सैनिक गश्त करते हैं। यह ट्रेंड 2006 से चल रहा है।


## बाबूराम को थमा गए मन्नत का माल: बकरे को लेकर पहुंचा एसएसपी दफ्तर, बोला- मुझे ठग लिया, मेरे पैसे वापस दिलवाइए



पीड़ित ने सीओ को बताया कि गांव के दो लोगों ने उन्हें यह बकरा पांच हजार रुपये में बेचा है। बाद में उन्हें जानकारी हुई कि इस बकरे को पड़ोसी गांव के ग्रामीणों ने किसी मन्नत पूरी होने पर जंगल में छोड़ा था। कुत्तों और चूहों से जुड़े मामले अभी तक पुलिस के पास आ रहे थे। अब खेतों में छोड़ा गया बकरा चोरी करके बेचने का अजीबोगरीब मामला एसएसपी दफ्तर आया है। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के इनायतुल्लाह गांव निवासी बाबूराम मौर्य एक बकरा लेकर एसएसपी दफ्तर आए। यहां उन्होंने शिकायत सुन रहे सीओ को बताया कि गांव के दो लोगों ने उन्हें यह बकरा पांच हजार रुपये में बेचा है। बाद में उन्हें जानकारी हुई कि इस बकरे को पड़ोसी गांव के ग्रामीणों ने किसी मन्नत पूरी होने पर जंगल में छोड़ा था। इसलिए धार्मिक रीति-रिवाज के मुताबिक इसे काटा या बेचा नहीं जा सकता। इन लोगों ने बकरे को चुराया और उन्हें धोखे से बेचकर ठगी की है। उन्हें उनकी रकम वापस नहीं की जा रही है। इस मामले में भोजीपुरा थाना पुलिस को मौके पर जाकर जांच करने के निर्देश दिए गए हैं।

## सीएम योगी का मथुरा दौरा: श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर की पूजा, छोटे कान्हा को किया दुलार, खिलाई खीर

भगवान श्रीकृष्ण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भक्ति किसी से छिपी नहीं है। वे जब भी मथुरा आते हैं, सबसे पहले भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन करने जन्मभूमि जरूर जाते हैं। सीएम योगी ने मंगलवार को भी अपने मथुरा दौरे की शुरुआत श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर ठाकुरजी के दर्शन करने के साथ की। सुबह करीब 11 बजे महाविद्या रामलीला मैदान में सीएम योगी का हेलीकॉप्टर से उतरा। यहां से मुख्यमंत्री योगी कार से सीधे श्रीकृष्ण जन्मभूमि पहुंचे। उन्होंने गर्भगृह में बाल स्वरूप कान्हा के दर्शन किए। इसके बाद भागवत भवन में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान मुख्यमंत्री भक्ति भावना से ओत-प्रोत




दिखाई दिए। श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर भ्रमण के दौरान उन्होंने एक बच्चे को दुलार किया। अपने हाथों से उसे खीर भी खिलाई। जन्मभूमि पर पूजा-अर्चना और दर्शन के बाद सीएम योगी कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हो गए। उन्होंने यहां प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ डेढ़ महीने में दूसरी बार मथुरा दौरे पर आए। उन्होंने सेठ बीएन पोद्दार इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में बटन दबाकर धर्मनगरी को 822 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इसके बाद प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित किया। कार्यक्रम से पहले सीएम योगी श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर सबसे पहले गर्भगृह में भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप के दर्शन किए। इस दौरान वे काफी देर तक कान्हा की मनोहरी छवि को अपलक निहारते रहे।गर्भगृह में दर्शन करने के बाद मुख्यमंत्री योगी भागवत भवन पहुंचे। उन्होंने भागवत भवन में विधि-विधान से श्रीराधाकृष्ण की युगल जोड़ी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आरती उतारी।श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर एक महिला श्रद्धालु अपने बेटे को कान्हा की पोशाक में दर्शन कराने यहां आई थी। छोटे कान्हा को देख सीएम का बाल प्रेम जाग उठा। उन्होंने बच्चे को गोद में लेकर उसे दुलार किया और खीर खिलाई। मुख्यमंत्री योगी करीब आधे घंटे तक श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर में रुके। इस दौरान वह भगवान की भक्ति से ओत-प्रोत दिखाई दिए। यहां से वह कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हो गए।प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश के धार्मिक स्थलों का महत्व बताया। कहा कि हम सब सौभाग्यशाली हैं कि ब्रजभूमि पर आने, यहां पर बसने और भगवान श्रीकृष्ण की लालाभूमि को देखने का अवसर मिला है।

# कोटेदार संघ ब्लाक अध्यक्ष जमुनहा द्वस्त्रद्व व आंगन बाड़ी राशन उठान किए जाने का किया बहिष्कार

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जमुनहा ब्लाक के कोटेदार संघ ब्लाक अध्यक्ष प्रताप पटेल ने मल्हीपुर कोटेदार संघ के कार्यालय में मासिक बैठक कर कोटेदारों को द्वस्त्रद्व व आंगन बाड़ी का राशन का भुकतान **mdm** का वर्ष 2002से लेकर अब तक व आगनवाड़ी का भुकतान 2016से लेकर अब तक कोटेदारों को भाड़ा नही मिलने तक किया बहिष्कार जब तक भाड़ा नही तब तक उठान नही, इस संबंध में जन सूचना के तहत सभी ब्लाक के अध्यक्षों द्वारा जन सूचना के तहत भी मांग कर भुक्तान किए जाने का अनुरोध सरकार में बैठे आला अफसरों के लोगो से कहा गया,लेकिन आज तक कोई भी भुक्तान नही हो पाया , संगठन जिला मीडिया प्रभारी श्रावस्ती के श्री धर शुक्ला , व मण्डल अध्यक्ष प्रेम कुमार मिश्रा जिला अध्यक्ष राज दत्त शुक्ला के नेतृत्व में माननीय देवी पाटन मण्डल गोण्डा आयुक्त के वहां भी लिखित ज्ञापन देने के बाद भी आज तक कोटेदारों को उनके भाड़े का कोई भी हल नही निकाला गया। और **pmgk**4 के तहत जो भी कमीशन कोटेदारों को मिलना चाहिए वो भी कोटेदारों को समय से सरकार में बैठे लोग नही दिलवा पा रहे हैं , ऐसे में कोटेदारों को उनके द्वारा चाहे कोरोना काल,रहा हो,चाहे बाढ़ प्रभावित क्षेत्र रहा हो सरकार की हर एक योजना को कोटेदारों द्वारा कर्मठता से पूरी मेहनत लगन के साथ जनता से कंधे से कंधा मिला कर हर




हाल में सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में कोटेदार हमेशा सरकार के साथ खड़े रहते हैं,
लेकिन उनका मेहनताना जब नही मिलता तब कोटेदारों की स्थिति जा सही नही है तो कोटेदार कैसे अपने बच्चो का व परिवार का पेट पाल सकता है।

## अमरिया तहसील क्षेत्र में खनन माफिया हुऐ बेखौफ रातो दिन चल रहा खनन का काम

सुमित गुप्ता
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

पीलीभीत -तहसील अमरिया में ईंट भट्टों पर लगातार खनन का काम चालू है जो बिना मानक के चल रहा है लेकिन गौर करने बाली बात यह है कि क्षेत्रीय अधिकारियो व पुलिस को नजर अंदाज कर खनन का काम वेखौफ होकर किया जा रहा है और इन पर कोई भी कार्यवाही नही की जा रही यदि ईट भट्टा स्वामियों ने अमरिया क्षेत्र की हरियाली और उपजाऊ भूमि को बंजर में बदल दिया है जिससे आने बाले भविष्य में बड़ी चिंता बन सकती है यही नही यदि ईंट भट्टा स्वामी जिस गाटे से मिट्टी को उठाता है इसका भी मानक प्रशासन स्तर पर तय किया जाता है मगर सारे




नियमों को ताख में रखकर खनन माफियाओं ने गहरे गहरे गड्डों को बना दिया है जो मानक के विपरित है इसके अलावा रात में भी जेसीवी मशीनो द्वारा खनन का काम जारी है बतादे गांवों के बीच से मिट्टी का कार्य चल रहा है जिसके कारण गांव में रहने बाले लोग मिट्टी धूल से परेशान है और बीमारी का शिकार हो रहे है धूल मिट्टी के कारण लोग काफी परेशानियों का सामना भई कर रहे है यदि कोई इसका विरोध करता है तो उसको धमकिया मिल रही हैं

## 40 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ चार गिरफ्तार

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह मयपुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर 04 अभियुक्तगण को गाजी तिराहा के पास से 40 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना मल्हीपुर पर 1. मुकदमा आबकारी अधिनियम भोगनाथ सिंह पुत्र प्रकाश सिंह निवासी तेंदुआ बराव ग्राम थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती आबकारी अधिनियम चौधरी सिंह पुत्र छोटे सिंह निवासी तेंदुआ बराव थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती . मुकदमा गुल्ले सिंह पुत्र चंद्रभान सिंह निवासी तेंदुआ बराव थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती के विरुद्ध पंजीकृत किया गया।

## कस्बा पुलिस की सुस्त कार्यशैली का फायदा उठा रहे है टप्पेबाज और जेबकतरे



फैसल सिद्दीकी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाराबंकी- कस्बा पुलिस की सुस्त कार्यशैली का फायदा उठा रहे है टप्पेबाज और जेबकतरे। भीड़ और पुलिस की मुस्तैदी न होने के चलते लोगो की कट रही जेबे,जेबकतरे और टप्पेबाज फैलाये हुए है अपना जाल। बाजार आई महिला का पर्स हुआ पार,पर्स में रखा रुपया और मोबाइल हुआ चोरी। बड़े ही चाव से सऊदी अरब से पती ने भेजा थापत्नी से बात करने के लिए मेहनत मजदूरी करके हजारों की कीमत वाला मोबाइल मामला कस्बा फतेहपुर के सट्टी बाजार की घटना।

## देशी तमंचा के साथ एक गिरफ्तार

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र कुमार शर्मा थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती के नेतृत्व में उ0नि0 जयवेन्द्र कुमार उत्तम मय हमराह के देखभाल क्षेत्र, रोकथाम अपराध, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति व वाहन अधि0 थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती से सम्बन्धित दिलीप कुमार पुत्र जिमीदार नि0 भौखारा लालपुर बरगदिहा थाना मटेरा जनपद बहराइच को धैंसरा नहर पुल बहदग्राम धैंसरा से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भिनगा जनपद श्रावस्ती रवाना किया

# अलीगढ़ के बन्नादेवी क्षेत्र के फायर बिग्रेड कालोनी के चाय विक्रेता युवक की हत्या कर शव नुमाइश मैदान में फेंक दिया गया

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ - फायर बिग्रेड कालोनी का 27 वर्षीय पवन शर्मा चाय की दुकान चलाता था। वह चार बजे घर से दुकान के लिए गया। फिर नहीं लौटा। रात भर परिजन उसे तलाशते रहे। इसी बीच रविवार सुबह नुमाइश मैदान में बालू के ढेर के पास उसका शव पड़ा मिला। खबर पर पुलिस भी पहुंच गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इस बीच पत्नी खुशबू एक बेटी को लेकर रोती बिलखती पोस्टमार्टम केंद्र पहुंच गई। पोस्टमार्टम में मौत का कारण सिर में गंभीर वजनी वस्तु से चोट लगना पाया गया। इस पर परिवार ने अज्ञात लोगों पर हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव परिवार को सौंप दिया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है, जांच के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी। मृतक की पत्नी खुशबू ने बताया कि रात आखिरी बार रात 12 बजे उसने अपने पति को फोन किया था। उसने दस मिनट में घर आने की बात कही थी। इस दौरान पीछे से आवाज आ रही थी कि फोन काट जल्दी। इसके बाद फोन नहीं आया, फोन बंद हो गया। युवक की हत्या में पत्नी-साली गिरफ्तार, साढ़ू की तलाश- देहलीगेट के नगला मसानी में दंपती विवाद में युवक की ट्रैक पर लाश मिलने के मामले में पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर पत्नी व साली को गिरफ्तार कर लिया। अभी मुकदमे में नामजद साढ़ू की तलाश चल रही है। बता दें कि नगला मसानी के 24 वर्षीय लक्ष्मण का पत्नी से विवाद हुआ था। इसके बाद उसका शव रात में बरौला पुल के पास ट्रैक पर मिला था। इस मामले में भाई ने पत्नी, साली व साढ़ू पर हत्या करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया। इसे लेकर परिवार ने मुकदमा दर्ज न किए जाने पर नाराजगी जताते हुए जाम भी लगाया था। बाद में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। इसी मुकदमे में नामजद पत्नी मधू, साली गीता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वहीं साढ़ू मुकेश की तलाश की जा रही है।

## घायल के मसीहा बने चौकी इंचार्ज पनैठी अंशुल शर्मा

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ - अकराबाद - कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाइवे पर पनैठी चौराहे पर गंगीरी की ओर से आरही प्राइवेट बस ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। कोतवाली अकराबाद के गांव टुआमई निवासी विकास पुत्र रामजीलाल व डोरीलाल पुत्र ओमप्रकाश अलीगढ़ में मजदूरी करते हैं। दोनों मंगलवार की शाम मजदूरी देखकर बाइक द्वारा अपने गांव आरहे थे। उनकी बाइक जैसे ही पनेठी चौराहा के निकट पहुंची तभी छर्रा गंगीरी की ओर से आ रही तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा होते ही तमाम आसपास के लोग मौके पर आ गए। सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज पनैठी अंशुल शर्मा ने दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा है। पुलिस ने घटना में शामिल बस एवं बाइक को कब्जे में ले लिया है

## प्रधानमंत्री जी के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने वाले कांग्रेसी नेता पटेरिया को गिरफ्तार किया जाए - राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ - भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कांग्रेस नेता पटेरिया ने अभद्र टिप्पणी माननीय नरेंद्र मोदी जी पर की है उसकी घोर निंदा की है घोर भर्त्सना की है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि लगातार प्रधानमंत्री जी के खिलाफ अवध टिप्पणियां की जाती है वह निंदनीय है अवैध टिप्पणियां हत्या की साजिश तक हो रही है अभद्र भाषा का इस्तेमाल करके बार-बार ऐसा क्यों कहा जाता है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहा है कि प्रधानमंत्री जी के खिलाफ एक शब्द निकाला तो इसके गंभीर परिणाम होंगे कांग्रेसी सोच ले उन्होंने यह भी कहां है कि कांग्रेस के नेताओं के लहजे में ही उनको जवाब दिया जाएगा जो उन्होंने कभी सोचा भी नहीं होगा प्रधानमंत्री को अपशब्द बोले कोई नेता उस पर चुप बैठने का तो हमारा करतब भी नहीं बनता कांग्रेस के नेता देश की जनता में अपना जनाधार खो चुके हैं वह जनाधार अब लौट कर वापस आने वाला नहीं है अगर प्रधानमंत्री जी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की इसके परिणाम गंभीर होंगे

# मुरादाबाद शहर के बेहतर यातायात प्रबन्धन हेतु अभियान चलाकर कार्यवाही की जाये - कमिश्नर

## यातायात नियमों के उल्लंघन कर्ताओं के विरुद्ध चालान काटने की कार्यवाही के आदेश



मुरादाबाद - मुरादाबाद शहर में यातायात जाम की समस्या से निपटने हेतु रणनीति तैयार करने के उद्देश्य से कमिश्नरी सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह ने मुरादाबाद शहर के बेहतर यातायात प्रबन्धन की प्रभावी कार्यवाही अभियान चलाकर करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने यात्रियों के हितों के दृष्टिगत रोडवेज की बसों हेतु विभिन्न मार्गो पर बस स्टाप चिन्हित कर यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए। कमिश्नर ने मुरादाबाद शहर के विभिन्न मार्गो पर यातायात नियमों के उल्लंघन कर्ताओं के विरुद्ध कडी कार्यवाही करते हुए दोषी वाहन स्वामियों के विरुद्ध चालान काटने की अभियान पूर्वक कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए प्रथम चरण में कांठ रोड एवं विभिन्न विद्यालयों को जाने वाले मार्गो पर स्कूली छात्र/छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए यातायात नियमों का कड़ाई पूर्वक पालन कराने तथा रिफलेक्टर्स के साथ इंडीकेटर्स एवं साईनेज वोर्ड लगवाने, अवैध कट बंद करवाने, जेब्रा क्रासिंग एवं स्पीड ब्रेकरों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए। आयुक्त ने पुलिस अधीक्षक यातायात तथा परिवहन एवं रोडवेज के अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित करें कि शहरी मार्गो पर यातायात की सुगम व्यवस्था रहें तथा सड़कों के किनारे वाहनों को रोककर यातायात को बाधित करने की प्रवृति की कडाई से रोकथाम की जायें। इसके साथ ही बिजली के पोलों को अण्डरग्राउंड करने की कार्यवाही की जाये तथा यह भी सुनिश्चित किया जाये कि रोडवेज के ड्राइवरों द्वारा सवारियों को बैठाने हेतु बीच सड़क पर गाडियों को न रोका जाये तथा केवल पिक एन ड्राप प्वाइंटों पर ही यात्रियों हेतु गाडी रोकी जाये। मण्डलायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर में रोडों पर चैराहों के सौन्दर्यकरण के नाम पर किसी रोड पर कोई अवरोध नही होना चाहिए तथा चैराहों की फिर से समीक्षा की जाये तथा यातायात नियमों का उल्लंघन पाये जाने पर कोई नया सौन्दर्यकरण का कार्य न किया जाये।

उन्होंने पीडब्ल्यूडी, एमडीए एवं नगर निगम को आपसी समन्वय से अभियान चलाकर बेहतर यातायात प्रबन्धन की कार्यवाही के निर्देश दिये। बैठक में समीक्षा उपरान्त निर्णय लिया गया कि बेहतर यातायात प्रबन्धन एवं यात्रियों के हितों के दृष्टिगत रोडवेज की बसों हेतु बस स्टाप चिन्हित कर दिये जाये जिसके अन्तर्गत कांठ रोड पर पीलीकोठी, विवेकानन्द एवं शेरुआ चैराहा, दिल्ली रोड पर चरण सिंह चैक एवं गांगन तिराहा/लाकडी, रामपुर रोड पर हनुमान मूर्ति एवं रामपुर दोराहा तथा सम्भल/बिलारी रोड पर आजाद नगर एवं गांगन तिराहा/सम्भल मोड को स्टाप के रुप में निर्धारित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में अपर आयुक्त प्रशासन बी0एन0 यादव, पुलिस अधीक्षक यातायात अशोक कुमार सिंह, आर0एम0 रोडवेज मो0 परवेज खां, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, सहित विद्युत, वन, लोक निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्ग आदि विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आरओ/एआरओ के प्रशिक्षण की कार्यशाला सम्पन्न



मुरादाबाद - आज पंचायत भवन सभागार में जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में नगर निकाय चुनाव हेतु आर0ओ0/ ए0आर0ओ0 के प्रशिक्षण की कार्यशाला आयोजित हुई। प्रशिक्षण में जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि चुनाव ड्यूटी को गंभीरता से करें, पूरा प्रशासन आपके साथ है कहीं आपको कोई असुविधा नही होगी। हर कदम पर हम आपके मार्गदर्शन व सहयोग के लिए उपलब्ध रहेंगे, जो भी कठिनाईयां आएंगी उसको दूर करने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जो प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं वह उस नगर निकाय में किसी भी वार्ड का मेम्बर हो सकता है और प्रस्तावक उसी वार्ड का मेम्बर होगा जिससे प्रत्याशी चुनाव लड़ रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में पंजीकृत मान्यता प्राप्त दल 16 हैं तथा पंजीकृत दल 127 हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य करता है इसलिए आप लोग चुनावी ड्यूटी को गंभीरता से करें तथा गलतियां करने से बचें। आप लोग सभी सेक्टर मजिस्टेड्ट व जोनल मजिस्टेऊटों से सामन्जस्य बनाकर कार्य करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्याशी की जन्मतिथि का सत्यापन डेट ऑफ स्क्रूटनी के हिसाब से करें। उन्होंने आर0ओ0 व ए0आर0ओ0 से कहा कि अगर किसी भी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न होती है तो तत्काल अपने उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाकर समस्या का निराकरण करवायें। जिलाधिकारी ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि आप लोग अच्छे ढंग व निष्पक्ष रुप से चुनाव की प्रक्रिया को सम्पन्न कराने में अहम भूमिका निभायेंगे। बैठक में सीडीओ सुमित यादव, ए0डी0एम0 वित्त युगराज सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी डा0 अनुपमा शांडिल्य, प्रभारी अधिकारी नगर निकाय सिद्धार्थ यादव सहित सभी आर0ओ0, ए0आर0ओ0 उपस्थित थे।

# नीतू सिंह ने लोवर पीसीएस परीक्षा 2019 में सफलता प्राप्त की



सत्यम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- सुभाष नगर क्षेत्र की रामाश्रम कालोनी निवासी नीतू सिंह ने लोवर पीसीएस परीक्षा 2019 में सफलता प्राप्त की है उनका चयन नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी के पद पर हुआ है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता को दिया। उनके पिता किशोर कुमार सिंह किसान हैं और माता वेदवती देवी गृहणी हैं। दो छोटे भाई भी प्रतियोगी परीक्षाओ की तैयारी कर रहे हैं। नीतूसिंह ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बरेली से प्राप्त की है। स्नातक तथा परस्नातक बरेली कॉलेज बरेली से उत्तीर्ण किया है। इससे पहले भी 2012 मे नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप मे सिल्वर मैडल जीतकर शहर का नाम रोशन कर चुकी हैं। उनकी इस उपल्ब्धि से उनके घर मे खुशियों का माहौल के साथ साथ बधाई के लिए लोगों का आवागमन लगा हुआ है

# कांग्रेस के सचिन चौधरी का आचार्य प्रमोद पर पलटवार, पार्टी के खिलाफ जाने वालों के लिए कही बात

सचिन चौधरी ने आचार्य प्रमोद कृष्णम पर हमला बोलते हुए कहा कि ये पार्टी की विचारधारा एवं वरिष्ठ नेताओं की छवि धूमिल करते हैं। मेरी इन्हें हिदायत है कि अपनी हद में रहकर पार्टी के संबंध में कुछ बोलें उत्तर प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सचिन चौधरी ने आचार्य प्रमोद कृष्णम पर हमला बोलते हुए कहा कि आचार्य प्रमोद कृष्णम कई बार अपने शब्दों की मर्यादा एवं पार्टी में अपने स्थान की गरिमा की लक्ष्मण रेखा लांघ चुके हैं। यह पार्टी की विचारधारा एवं वरिष्ठ नेताओं की छवि धूमिल करते हैं। मेरी इन्हें हिदायत है कि अपनी हद में रहकर पार्टी के संबंध में कुछ बोलें, जरूरत से ज्यादा बोलना कभी-कभी खुद पर भारी पड़ जाता है और फिर नुकसान उठाने पड़ते हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि पार्टी के खिलाफ जो भी जाएगा उसका इलाज कर दिया जाएगा। सचिन चौधरी ने आरोप लगाया कि आचार्य प्रमोद कृष्णम कांग्रेस से राज्यसभा में जाने के लालच में थे, लेकिन पार्टी योग्य लोगों को प्रतिनिधित्व करने के लिए सदन में भेजती है। इन्हें पार्टी ने राज्यसभा नही भेजा इसलिए उल-जलूल बयान दे रहे हैं। पार्टी में संगठन सर्वोपरि है, इनके हिसाब से पार्टी नही चलेगी।। यह जहाज चलाने को नहीं दे सकते वरना अपने साथ-साथ सबको ले डूबेंगे।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।


## संपादकीय Editorial

### 'Free' politics is meaningless

Janata Dal-U President Lalan Singh has boasted that India can be 'BJP-mukt' in 2024. Prime Minister Modi and the BJP can be defeated in the elections. JD-U alliance will win all 40 Lok Sabha seats in Bihar. It has also been claimed that if Nitish Kumar is sent to Delhi, the government will fall within 6 months. Who is Lalan Singh, at present the country outside Bihar does not know him, how he is Aflatoon. He is the nominated president of a regional party like JD-U, on whom Nitish Kumar is 'in grace'. He has set the target of becoming a 'national party' in JD-U's national executive meeting. At present, Nitish Kumar and JD-U are ruling in Bihar with the support of Lalu-Tejashwi Yadav's RJD. Nothing can be said when they will turn around. However, the BJP has now refrained from forging an alliance. However, Lalan Singh's statement can be just an example of bigotry and immature politics. Besides, it is redundant. Of course Prime Minister Modi is not 'invincible', we have analyzed this, but imagine India free from BJP with more than 300 Lok Sabha MPs, about 100 Rajya Sabha members, governments and MLAs in 17 states of the country and a cadre of about 18 crores. May go? Once the BJP and especially Prime Minister Modi had given the slogan of 'Congress-mukt Bharat'. BJP has also given up this slogan for a long time. Now after the formation of the Congress government in Himachal, the party is ruling in three states. In the 2019 general elections, around 12 crore voters voted in favor of the Congress. The Congress has been marginalized in the Gujarat and Delhi Municipal Corporation elections. Apart from that, Aam Aadmi Party (AAP) is one of the smallest and infant parties of the country. It has become a 'National Party' only after 10 years of politics. Can 'AAP' raise the voice of free India? In fact, we believe that Modi and the BJP can be unsettled if the joint opposition fields joint candidates in all 543 Lok Sabha seats, faces the BJP and collectively contests the entire election. Claims of victory and defeat cannot be made even then. JD-U's political status is like a dwarf. Despite the leadership and campaigning of Prime Minister Modi, the opposition may win the assembly and local level elections, but when the talk of the country's general elections begins, Prime Minister Modi is still the most popular, acceptable and national leader. Even his staunchest opponents and leftist thinkers believe this. The context, issues and concerns of a general election are also 'national'. In the national context, the JD-U is currently in its 'embryonic stage'. Its top leaders and all the seven forces of the alliance could not win the Bihar assembly by-elections against the BJP and slogans of 'BJP-free India' have started. It remains to be seen whether without the support and cooperation of Prime Minister Modi and the BJP How many Lok Sabha seats can JD-U win? Nitish Kumar has been continuously appealing for opposition unity, has also met big leaders of the opposition, but the main opposition party Congress and the infant 'AAP' are present on different poles. the euphemism that which Congress…? He himself wants to be the face of opposition unity. So far, this initial effort has not been seen on any platform of the opposition that everyone is serious about opposition unity. AAP is not ready for an opposition alliance just in the name of anti-Modi. The question has also been asked whether the reins of the country can be given in the hands of regional parties?

# Bad news for fans, Amitabh Bachchan will no longer be seen, KBC journey is over

Amitabh Bachchan hosted TV's famous quiz show 'Kaun Banega Crorepati' has been a favorite of the audience for a long time. Be that as it may, this show along with increasing the entertainment and knowledge of the people, till now it has made many people rich. At the same time, a big news is coming out for the audience. Season 14 of KBC is going to end soon. The host of the show Amitabh Bachchan has given this information to the fans through his blog. He told that his shoot is going to end soon.



Through this blog, Big B told about his feelings of being separated as well as how different celebrities and personalities have inspired him in the show. Amitabh's special association with KBC - from 'Kaun Banega Crorepati' Amitabh Bachchan has a special connection. The biggest reason for this has been that he has been associated with the show since its inception i.e. in the year 2000. However, only the third season of the show was hosted by superstar Shah Rukh Khan. Since then, Big B has been hosting all the seasons till now. Many good and emotional memories are attached to this. In such a situation, the end of its season is making him very emotional. Talking about this, Big B wrote in his blog that the days of KBC are coming to an end, but hopefully we all will be together again soon. Learned a lot from the show - Amitabh Bachchan in his blog Wrote, 'It has been his good fortune to talk with all such people who came on the show and associated with this show. He has gained a lot of information and knowledge from such people. Along with this, he has told hosting this show as his responsibility i.e. duty and with this he tries to give his best to complete it. This blog of Big B has disappointed him and the fans of KBC. Gossip started about the next season - It is seen every time that as soon as one season of KBC ends, gossip starts about its next season. It happens. Big B has turned 80. At the same time, looking at the age of Big B, it seems to the fans that he may not host the next season of this show, but the question also arises that if not Amitabh Bachchan, then who? However, till now no information has been revealed regarding this matter, all these things are just a speculation.

## Hollywood's biggest opening named 'Avengers Endgame', will 'Avatar 2' break Thanos' record?



Marvel movies have been dominating the Indian box office for the last few years. Especially, superhero series films have done exceptionally well. Avengers Endgame holds the record for the biggest opening of any Hollywood film in India. Now this scenario is expected to change after the release of Avatar - The Way of Water. It is believed that Avatar 2 film can make new records of earning at the box office. The two films that could threaten the records of Avatar 2 in India are KGF 2 and Avengers Endgame. Will Avatar 2 break the record of Avengers Endgame? - Record of biggest opening in India The name is K, which took a grand opening of 53.10 crores. This is a record opening in India for a Hollywood film. Even after three years, this record of opening remains intact.

# ब्रज क्षेत्र के लक्खी मेलों में एक मेला है मार्ग शीर्ष मेला





निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-शुक्रर सोरों,भारतवर्ष में मेलों के आयोजन लोक मानस के उल्लास के कारण बनते हैं. हमारे ब्रज क्षेत्र में भी मेलों के ये आयोजन आयेदिन देखने को मिलते रहते हैं. ये मेले मेलमिलाप के केन्द्र भी बनते हैं और आनंद के कारक भी. उत्तर भारत के इस महा मेले में , भारत के कौने-कौने से विभिन्न अखाड़ों से सम्बद्ध संत-महात्माओं का शुभागमन भी होता है. वर्तमान में कासगंज जनपद -प्रशासन का विशेष सहयोग इस मेले के लिए एक वरदान के समान है. ब्रज क्षेत्र के लक्खी मेलों में एक मेला है मार्ग शीर्ष मेला, ब्रज लोक में इसे मेला मार्ग श्री नाम से जाना जाता है. जो अग्रहायण मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी से आरम्भ होकर अग्रहायण मास की पूर्णिमा तक चलता है, इन पांच दिनों में स्नान -ध्यान आदि के आनंद की निरंतरता बनी रहती है. उसके बाद भी 卐मार्गश्री卐 का ये मेला एक माह तक गतिमान रहता है. ये मेला पतित पावनी गंगा -तट ( समीपस्थ ) आदि वराह क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सोरों ( सूकर क्षेत्र ) नामक धार्मिक नगर में लगता है. जिसमें दूर -दूर से पधारे दूकानदार अपनी विभिन्न प्रकार की दूकानें लगाते हैं. खानपान की दूकानें, खजला आदि ( विभिन्न प्रकार की मिठाइयों की ) दूकानें, महिलाओं के उपयोग ( चूड़ी-बिन्दी,चुटीले,क्रीम-पाउडर एवं उनके श्रृंगार की वस्तुओं की दूकानें, ऊनी वस्त्रों की दुकानें, संगीत के लोक-वाद्यों ढोलक , मंजीरे ,ढोल-ढप,कंजरी आदि संगीत वाद्यों की दूकानें,धार्मिक पुस्तकें , खेल-खिलौनों की दूकानें, चकला-बेलन, कड़ाही,फलों में नारंगी एवं संतरा आदि की दूकाने लगीं दीखती हैं. सभी प्रकार की दूकानों की सजावट देखने योग्य होती है. इस मेले में आए आसपास के दर्शानार्थी जन,अपनी आवश्यकता की वस्तुएं खरीद कर ले जाते हैं. बच्चों के झूले , सर्कस, सिनेमा,जादूगर, आदि मनोरंजन के साधन भी इस लक्खी मेले में दिखाई देते हैं. दर्शनार्थियों की भारी भीड़ यहां आया करती है. सोरों के इस विशाल और लक्खी मेले में राजस्थान, मध्यप्रदेश , हरियाणा, उत्तराखंड आदि प्रांतों से ऊंट,घोड़े आदि पशुओं के व्यापारीगण अपने पशुओं को बेचने आते हैं . लगभग 15 दिनों तक लगने वाला ये मेला अपनी विशालता, दिव्यता और भव्यता के लिए बहुत ही प्रसिद्ध है. सोरों ( सूकर क्षेत्र ) जगत की उत्पत्ति का केन्द्र माना गया है. तीर्थ पुरोहितों के लिए ये स्थान जगत विख्यात है. वर्तमान में सोरों तीर्थ भारत के उत्तर प्रदेश राज्य के जनपद कासगंज का नगर है. जो मथुरा -बरेली हाईवे पर स्थित है. यहां मथुरा के ( माथुर चतुर्वेदी ) समाज के स्वजनों का मुण्डन संस्कार होना गौरव का विषय है. सोरों जी को क्यों कहा जाता है सोरों ? भगवान विष्णु ने हिरण्याक्ष दैत्य का वध करने के लिए वराह अर्थात सूकर का रूप धारण किया था. वराह भगवान विष्णु के तृतीय अवतार माने गए हैं. जिन्होंने उक्त दैत्य का वध करने के बाद, यहीं पर अपनी देह का परित्याग किया. तभी से सोरों जी को सूकर क्षेत्र ' कहा जाने लगा. सोरों का प्राचीन इतिहास इस तीर्थ का पौराणिक नाम ऊखल तीर्थ है. वराह अवतार से पूर्व कोका मुख - कुब्जाग्रक तीर्थ नाम से यह विख्यात था. वर्तमान में इसे सोरों ( सूकर क्षेत्र ) कहा जाता है. सूकर क्षेत्र को चालुक्य वंश, सोलंकी क्षत्रियों की राजधानी भी माना जाता है.इतिहासवेत्ता मानते हैं किया( ई. 900 के लगभग ) यहां के शासक सोमदत्त सोलंकी रहे थे. यहां वराह भगवान का भव्य मंदिरा है. जिनके दर्शनों के लिए आज भी दूरस्थ प्रदेशों से श्रद्धालु भक्तजन आये दिन आते ही रहते हैं और भगवान वराह के दर्शन करके स्वयं को धन्य मानते हुए परमानंद का अनुभव करते हैं. कहा जाता है कि भगवान विष्णु की देवताओं द्वारा स्तुति करने पर भगवान वराह का रूप धारण कर इसी सोरों ( सूकर क्षेत्र ) में ब्रह्मा जी की नासिका से प्रकट हुए भगवान वराह ने हिरण्याक्ष्य नामक राक्षस का विनाश कर,पृथ्वी को मुक्त करके अपने अवतार का उद्देश्य पूरा कर ,निज देह का परित्याग सोरों ( सूकर क्षेत्र ) की इसी पावन धरा पर किया था. इस मंदिर के अतिरिक्त सोरों में विभिन्न हिन्दू देवी-देवताओं के भव्य मंदिर हैं. यहां की हरिपदी गंगा सरोवर बड़ा ही दिव्य दर्शनीय एवं विशाल है, जिसमें ( अपने परिजनों की ) अस्थियां विसर्जन के लिए राजस्थान, मध्य-प्रदेश आदि प्रांतों से तीर्थ यात्री निरन्तर आते ही रहते हैं. श्री रामचरित मानस के रचयिता संत तुलसीदास का जन्म इसी सोरों ( सूकर क्षेत्र ) में हुआ था. इनकी शिक्षा-दीक्षा भी यहीं श्री नृसिंह पाठशाला में सम्पन्न हुई थी.श्री गुरु नरहरि ने उन्हें शिक्षा दी थी. संत तुलसीदास की सहधर्मिणी कवियित्री रत्नावली का मायिका बदरिया में आज भी यहां विद्यमान है उनके वंशज पाठक ब्राह्मण! इस क्षेत्र में बहुतायत में हैं. मेरी पुत्रवधू भी इसी पाठक गोत्रीय -वंश से है. अष्ट छाप के कवि नंददास जी भी इसी सोरों के थे जो कृष्ण भक्त कवि थे.ये तुलसीदास के चचेरे भाई बताए जाते हैं. सोरों में महाप्रभु वल्लभाचार्यजी की बैठक भी है. यहां सिक्खों के गुरु संत श्री गुरुनानक देव थी भी पधारे थे. आज भी यहां कागुरुद्वारा दर्शनीय स्थल है. सोरों की पंचकोसी परिक्रमा लगाने के लिये दूर-दूर से भक्तजन और परिक्रमार्थी पधारते हैं. जिसमें मथुरा, आगरा, अलीगढ़, एटा,मैनपुरी, इटावा. फरुखाबाद, बदायूं, बरेली ,मुरादाबाद और कासगंज जनपदों के साथ-साथ ,देश-भर के श्रद्धालु भक्तजन भाग लेते हुए स्वयं को सौभाग्यशाली मानते हैं. सोरों ! सूकरक्षेत्र ! रेलमार्ग और सड़क मार्ग से सुगमता के साथ आया जा सकता है. उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार ने सोरों ( सूकर क्षेत्र ) को तीर्थ स्थल घोषित कर इसे दिव्य और भव्य रूप प्रदान करने का संकल्प लिया है.

# एटा एसएसपी ने निरीक्षक उपनिरीक्षकों का किया फेर वदल



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा आज दिनांक 12 दिसंबर 2022 एसएसपी उदय शंकर सिंह। ने कानून व्यवस्था कायम रखने एवं आमजन में पुलिस के प्रति सदभाव एवं भयमुक्त समाज रखने के उद्देश्य से स्थानांतरण/तैनाती निरीक्षक/ उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस जनपद एटा 1.निरीक्षक प्रेमपाल सिंह पुलिस लाइन एटा से प्रभारी निरीक्षक थाना अलीगंज एटा 2.निरीक्षक राजेश कुमार प्रभारी निरीक्षक अलीगंज एटा से प्रभारी निरीक्षक थाना रिजोर एटा। 3, निरीक्षक संजीव चौधरी प्रभारी निरीक्षक सकीट एटा से यूपी 112 एटा।

4.उपनिरीक्षक अनुज चौहान थानाध्यक्ष रिजोर एटा से थानाध्यक्ष थाना सकीट एटा।

# भारत जोड़ो यात्रा को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय पर बैठक



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-14 दिसंबर दिन बुधवार को एटा जनपद में होने वाली भारत जोड़ो यात्रा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ब्रज क्षेत्र के प्रांतीय अध्यक्ष श्री योगेश दीक्षित जी के नेतृत्व में एटा पधार रही है भारत जोड़ो यात्रा को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय पर बैठक संपन्न हुई बैठक के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव एटा जिला के प्रभारी श्री मुनेंद्र पाल सिंह राजपूत ने कहा भारत जोड़ो यात्रा से देश के युवाओं को यह लगने लगा है कि राहुल गांधी जी हमारे हक और अधिकार के लिए भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं एटा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गंगा सहाय लोधी ने कहा यात्रा जिला फर्रुखाबाद से 13 दिसंबर को अलीगंज होते हुए एटा शहर में पीसीसी के सदस्य मोहम्मद इरफान एडवोकेट के किदवई नगर गेस्ट हाउस पर रुकेगी जिला के सभी पदाधिकारियों को जिम्मेवारी बांट दी गई है एटा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनीत पाराशर बाल्मीकि ने कहा 14 दिसंबर को किदवई नगर से भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत होगी यात्रा होली मोहल्ला चौराहा पटियाली गेट चौराहा लोकमंच तिराया होते हुए नन्नू मल चौराहा ठंडी सड़क कचहरी रोड बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति पर माला अर्पण कचहरी होते हुए पूर्व राज्यसभा सांसद श्री सत्य बहन के आवास पर स्वागत समारोह गांधी मार्केट होते हुए घंटाघर चौराहा महात्मा गांधी जी की मूर्ति पर माला अर्पण सुभाष बोस जी की मूर्ति पर माला अर्पण जीटी रोड होते हुए अलीगंज रोड चौराया होते हुए सकीट भारत जोड़ो यात्रा प्रस्थान करेगी बैठक के दौरान युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष आदर्श मिश्रा डेनी अरुणेश गुप्ता संगठन उपाध्यक्ष भोला गुप्ता मोनिका सम्राट अल्पसंख्यक कांग्रेश के जिलाध्यक्ष वसीम सलमानी मुकेश बघेल गीतम सिंह राजपूत रियाज अब्बास फैजल हसन ब्रजकिशोर अनवर भाई चाय वाले सुल्तान अली अब्बास आबिद अली जयकुमार अरविंद कश्यप सचिन गुप्ता विकास गौतम बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे

# बूथ जोड़ो यूथ जोड़ो अभियान का गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में आगाज, कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव प्रियंका हुई शामिल बूथ

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



जीपीएम -बूथ जोड़ो यूथ जोड़ो के कार्यक्रम एवं पोस्टर विमोचन करने के लिये राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ सह प्रभारी प्रियंका सारसर ने बिलासपुर संभाग के गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला युवा कांग्रेस के बुथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की बैठक सभा ली और बूथ जोड़ो यूथ जोड़ो अभियान की शुरुआत की । वही पहली बार राष्ट्रीय सचिव के आगमन पर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमन शर्मा ने अपने कमेटी टीम के साथ जोरदार स्वागत किया और सिनियर कांग्रेस के समस्त लीडरों को युथ कांग्रेस के मंच पर एक साथ लेकर आये जिसका छत्तीसगढ सह प्रभारी प्रियंका सारसर ने आने वाले 2023 के विधानसभा चुनाव में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओ की भागीदारी में अधिक से अधिक लाने में सहयोग करने को कहा और साथ कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए जिला अध्यक्ष अमन शर्मा को स्पष्ट कहा की जो भी पदाधिकारी अगर सही काम नहीं करता है तो नोटिस देकर कार्यवाही करते हुए नये युवा साथियों को पद देकर कार्य कराने को कहा जिससे नये लोग जो बिना पद के निस्वार्थ कर रहे हैं उन्हें आगे लाने की जिम्मेदारी अब हमारी है।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रियंका सारसर राष्ट्रीय सचिव एवं सहप्रभारी छः ग, प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष अवस्थी के साथ ही प्रदेश सचिव रामेश्वर पुरी गोस्वामी, पुष्पेंद्र साहू, मरवाही विधायक के के ध्रुव जी, अनु. जनजाति आयोग सदस्य श्रीमति अर्चना पोर्ते, ज़िला अध्यक्ष मनोज गुप्ता, नगरपंचायत उपाध्यक्ष पंकज तिवारी, शहीद राईन, मुद्रिका सर्राटी, बाला कश्यप, फ़हीम खान, ईदरिश अंसारी, निलेश साहू, घनश्याम ठाकुर, अमित पाठक, रमेश साहू, अशोक शर्मा, राकेश मसीह, अवधेश गुर्जर, प्रमोद परस्ते, नफ़ीस खान, शंकर कँवर, हर्ष गोयल, नारायण श्रीवास, ज़िला अध्यक्ष -अमन शर्मा, प्रदेश महासचिव- उमा पाव, प्रदेश सचिव- नवल लहरे, आशीष सोनी, ज़िला उपाध्यक्ष-एवन पाल पैकरा, ज़िला महासचिव- रवि राय, राजकमल गुप्ता, भुवनेश्वर सेन, सुल्तान खान, शुभम बघेल, महेश करसाल, अमित पाठक जी ,विधानसभा उपाध्यक्ष- यश शर्मा ज़िला अध्यक्ष ह्स्ड्ढ- अनुज ताम्रकार, ब्लॉक अध्यक्ष- विक्की वासुदेव, सुरेंद्र प्रताप सिंह, अजय पुलस्त, अजय सिंह श्याम, फगुन तिलगम, राजेश पुरी, परमेश्वर कश्यप, लालू काशीपुरी, शुभम भानु, रियांश सोनी, पुष्पराज डायमंड, कु तारा मार्को, शशांक शर्मा, कौशल राठौर, शिवांश दुबे, पारस ताम्रकार, शिवा राठौर, पप्पू , अनश खान, शौमया मेघानी, राजू गोस्वामी, निलेश गुर्जर, राहुल तिवारी, हेमंत मराबी शामिल रहे।

# धीरेन्द्र कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में दिव्यांग छात्र सुदामा कुमार को सहायातार्थ राशि 1230 रु प्रदान की गई




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-शासकीय नवीन महाविद्यालय चाँदनी बिहारपुर में आज दिनाँक 13/12/122 को महा के प्रशासनिक प्रभारी धीरेन्द्र कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में दिव्यांग छात्र सुदामा कुमार को सहायातार्थ राशि 1230 रु प्रदान की गई। छात्र सुदामा कुमार, ग्राम-सेमरा कल्बना, जाना घुरपुर, जिला - प्रयागराज ( उ.प्र. ) का निवासी है। यह छात्र एस. टी. पॉल्स मिशन स्कूल कुशमाही, अनुपपुर म.प्र. में कक्षा 10 वीं का छात्र है। यह छात्र जन्म से बोलने, सुनने में असमर्थ है। छात्र की माता नेत्रहीन व वृध्दावस्था में है, जो कार्य करने में असमर्थ है। इनके पिताजी, का देहांत हो चुका है। छात्र के उज्जवल भविष्य एवं आगे की पढ़ाई हेतु शा. नवीन महा. चाँदनी बिहारपुर, जिला सूरजपुर के प्रभारी प्राचार्य धीरेन्द्र कुमार जायसवाल, प्राध्यापकगण एवं समस्त छात्र- छात्राओं के द्वारा संवेदनापूर्वक सहायातार्थ कुल राशि 1230 रु. छात्र सुदामा कुमार को प्रदान किया गया।

# पुलिस जनचौपाल में ग्रामीणों ने बताई समस्याएं, किया निराकरण

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-दतिमा मोड़- ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता लाने और अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देश पर करंजी चौकी प्रभारी संजय गोस्वामी के द्वारा डोर-टू-डोर जन चौपाल का कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। चौकी क्षेत्र के ग्राम खोपा में पुलिस द्वारा जन चौपाल लगाकर लोगों को कानूनी जानकारी दी गई। विशेषकर साइबर अपराध जैसे ऑनलाइन ठगी व धोखाधड़ी से बचने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। करंजी चौकी प्रभारी संजय गोस्वामी व एएसआई मनोज द्विवेदी सहित समस्त स्टाफ क्षेत्र के गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को कानून संबंधित जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक कर रहे है। इसके साथ ही ग्रामीणों से पुलिस का सहयोग करने की अपील भी की गई। जन चौपाल कार्यक्रम के दौरान गांव के गणमान्य नागरिक, महिलाएं शामिल हुए। मौके पर ग्रामीणों की समस्याओ का निराकरण भी किया गया। पुलिस द्वारा महिला संबंधी अपराध जैसे- घरेलू हिंसा, मानसिक प्रताड़ना, पाक्सो एक्ट व अन्य गंभीर अपराधों के संबंध में महिलाओं एवं नाबालिग बच्चों को जागरूक किया गया। साथ ही साथ जन चौपाल के माध्यम से गांव के लोगों की समस्या को सुन कर त्वरित कार्यवाही व समाधान करने का प्रयास भी किया गया व अभिव्यक्ति ऐप की जानकारी दी गई। इधर जन चैपाल कार्यक्रम में उत्साह के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। गांव में शांति स्थापित करने एवं अपराध मुक्त गांव का निर्माण में पुलिस का सहयोग करने का लिए संकल्प लिया गया। जन चौपाल में महिला संबंधी अपराध के अलावा नबालिग बच्चों पर घटित अपराध, चोरी, लूट, हत्या, आनलाइन ठगी, एटीएम का पिन एवं ओटीपी न बताने, आनलाइन शापिंग, जमीन के संबंध में धोखाधड़ी जैसे अन्य गंभीर अपराधों के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। पुलिस ने आम जन से इस प्रकार के अपराधों के संबंध में अपने दोस्त, परिवार, रिश्तेदारों के साथ अन्य लोगों को सोशल मीडिया, वॉट्सएप, फेसबुक, ट्वीटर के माध्यम से जानकारी देने की अपील की। इसके साथ ही पुलिस द्वारा पाक्सो एक्ट जैसे गंभीर अपराध व बच्चों के संरक्षण संवर्धन के लिए पालकों के साथ-साथ गांव के पंच, सरपंच को भी जागरूक रहने की सलाह दी। उनसे किसी भी घटना होने एवं संदेह होने की स्थिति में तत्काल स्थानीय पुलिस को दूरभाष के माध्यम से अथवा स्वयं आकर थानों में सूचना देने की अपील की। इस जनचौपाल कार्यक्रम में चौकी प्रभारी करंजी संजय गोस्वामी, एएसआई मनोज द्विवेदी, कृष्णकांत पांडेय, दीपक सिंह उपस्थित रहे।

# व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रशिक्षण वाले विद्यार्थियों ने किया बीएसएनएल और आकाशवाणी का औद्योगिक भ्रमण




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवनगर में विगत 5 सालों दो व्यवसायिक पाठ्यक्रम टेलीकॉम और ऑटोमोबाइल संचालित हो रहा है। जिसमें एक मुख्य पाठ्यक्रम टेलीकॉम भी है व्यावसायिक पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को राज्य माध्यमिक शिक्षा मिशन के नियमानुसार साल में दो बार औद्योगिक भ्रमण कराया जाता है। इसी कड़ी में स्कूल के प्राचार्य रमेश कुमार प्रजापति के निर्देश पर विद्यार्थियों को व्यवसायिक शिक्षक शिवम यादव और आदित्य दुबे के द्वारा बीएसएनएल ऑफिस अम्बिकापुर तथा आकाशवाणी अम्बिकापुर का औद्योगिक भ्रमण कराया गया। जिसमे खेल प्रशिक्षक यशवंत कुमार पांडव, सहायक शिक्षक विजय कुर्रे एवं उमाकांत मिश्र, मनीषा कुलदीप, दिनेश प्रजापति एवं समस्त स्टाफ का सहयोग प्राप्त हुआ।

बीएसएनएल एवं अकाशवाणी में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा विद्यार्थियों को ऑप्टिकल फाइबर, संचार, रेडियो सिग्नल, ट्रांसमीटर, 4जी ,5जी एवं स्प्लिसिंग के बारे में जानकारी दी गई तथा आकाशवाणी एवं बीएसएनएल कार्यविधि की प्रैक्टिकली जानकारी दी गई। बता दें कि छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षकों की नियुक्ति कर शिक्षण प्रदान किया जा रहा है। बीएसएनएल एवं आकशवाणी के अधिकारी के द्वार व्यवसायिक प्रशिक्षक शिवम यादव और आदित्य दुबे का धन्यवाद किया गया। जो पिछले 5 सालों से अपनी सेवा दे कर विद्यार्थियों को हुनरमंद बना रहे हैं।

# वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में पाकिस्तान की राह मुश्किल, इंग्लैंड की जीत से भारत को फायदा



डब्ल्यूटीसी की मौजूदा अंक तालिका में ऑस्ट्रेलिया का पॉइंट पर्सेंटेज 75 ( त्न ) है और वह शीर्ष पर है। वहीं, दक्षिण अफ्रीका 60 पॉइंट पर्सेंटेज के साथ दूसरे स्थान पर है। श्रीलंकाई टीम 53.33 पॉइंट पर्सेंटेज के साथ तीसरे और भारत 52.08 पॉइंट पर्सेंटेज के साथ चौथे स्थान पर हैइंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज गंवाने के बाद पाकिस्तान के वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की राह बेहद मुश्किल हो गई है। बाबर आजम एंड कंपनी इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट गंवा चुकी है और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में चौथे से छठे स्थान पर लुढ़क गई हैइस सीरीज के शुरू होने से पहले पाकिस्तान के पास फाइनल में जगह बनाने का शानदार मौका था। तब टीम के पास पांच घरेलू टेस्ट मैच बचे थे, लेकिन इन पांच में से दो टेस्ट गंवाते ही अब पाकिस्तान की उम्मीदों को तगड़ा झटका लगा। अब पाकिस्तान को अगले तीनों टेस्ट जीतने के साथ-साथ दूसरी टीमों के नतीजों पर भी निर्भर रहना होगा। पाकिस्तान की टीम अब अगर एक भी टेस्ट हारती है या ड्रॉ करवाती है तो वह डब्ल्यूटीसी के फाइनल में पहुंचने की रेस से पूरी तरह बाहर हो जाएगी। इंग्लैंड के बाद एक और टेस्ट के बाद पाकिस्तान को न्यूजीलैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। पाकिस्तान का जीत प्रतिशत 42.42 है। टीम 2021-23 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप सीजन में पांचवां सीरीज खेल रही है। उसके 11 मैचों के बाद 56 अंक हैं। पाकिस्तान की टीम चार मैच जीती है, पांच में उसे हार का सामना करना पड़ा। दो टेस्ट ड्रॉ रहे हैं। अब पाकिस्तान को बांग्लादेश के अलावा ऑस्ट्रेलिया-दक्षिण अफ्रीका पर भी निर्भर रहना होगा। डब्ल्यूटीसी की मौजूदा अंक तालिका में ऑस्ट्रेलिया का पॉइंट पर्सेंटेज 75 ( त्न ) है और वह शीर्ष पर है। वहीं, दक्षिण अफ्रीका 60 पॉइंट पर्सेंटेज के साथ दूसरे स्थान पर है। श्रीलंकाई टीम 53.33 पॉइंट पर्सेंटेज के साथ तीसरे और भारत 52.08 पॉइंट पर्सेंटेज के साथ चौथे स्थान पर है।इंग्लैंड ने अपने सभी छह टेस्ट सीरीज खेल लिए हैं। टीम 44.44 पॉइंट पर्सेंटेज के साथ पांचवें स्थान पर रही। पाकिस्तान छठे और वेस्टइंडीज 40.91 पॉइंट पर्सेंटेज के साथ सातवें स्थान पर है। न्यूजीलैंड 25.93 प्रतिशत के सात आठवें और बांग्लादेश 13.33 प्रतिशत के साथ नौवें स्थान पर है।पाकिस्तान चाहेगा कि टीम इंडिया बांग्लादेश के खिलाफ अपने दोनों टेस्ट मैच हार जाए। हालांकि, रोहित शर्मा ( पहले टेस्ट ), जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा और मोहम्मद शमी की गैरमौजूदगी के बावजूद ऐसा होना मुश्किल है। इंग्लैंड-पाकिस्तान सीरीज के नतीजों के बाद अब भारतीय टीम डब्ल्यूटीसी के पॉइंट्स टेबल में अंतिम-दो में जगह बना सकती है। भारत को अब कुल मिलाकर छह टेस्ट खेलने हैं। बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट के अलावा टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने घर में चार टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। अगर टीम इंडिया सभी छह मैच जीतने में कामयाब रहती है तो आसानी से फाइनल के लिए क्वालिफाई करेगी।वहीं, टीम इंडिया अगर इनमें एक भी टेस्ट गंवाती है तो उसे ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ्रीका टेस्ट सीरीज के साथ अन्य सीरीज पर निर्भर रहना होगा। दक्षिण अफ्रीका फिलहाल तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर है। यह दोनों टीमें फिलहाल वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में शीर्ष पर है। अगर ऑस्ट्रेलिया दक्षिण अफ्रीका को क्लीन स्वीप करने में कामयाब रहता है तो भारत के लिए राह और आसान हो जाएगा। दक्षिण अफ्रीका के एक या दो टेस्ट जीतने पर टीम इंडिया की राह मुश्किल हो सकती है।

दक्षिण अफ्रीका को ऑस्ट्रेलिया के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर टेस्ट सीरीज खेलनी है।ऑस्ट्रेलिया का फाइनल में पहुंचना लगभग तय माना जा रहा है। वहीं, दूसरे स्थान के लिए दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और भारत के बीच टक्कर है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल जून 2023 में इंग्लैंड के ओवल स्टेडियम में खेला जाएगा। पिछला फाइनल 2021 में भारत और न्यूजीलैंड के बीच साउथैम्पटन में खेला गया था। न्यूजीलैंड ने टीम इंडिया को आठ विकेट से हराया था और टीम चैंपियन बनी थी।

## वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की मौजूदा अंक तालिका

| पोजिशन | टीम | पर्सेंट | पॉइंट्स |
|---|---|---|---|
| 1 | ऑस्ट्रेलिया | 75 | 108 |
| 2 | दक्षिण अफ्रीका | 60 | 72 |
| 3 | श्रीलंका | 53.33 | 64 |
| 4 | भारत | 52.08 | 75 |
| 5 | इंग्लैंड | 44.44 | 112 |
| 6 | पाकिस्तान | 42.42 | 56 |
| 7 | वेस्टइंडीज | 40.91 | 54 |
| 8 | न्यूजीलैंड | 25.93 | 28 |
| 9 | बांग्लादेश | 13.33 | 16 |

# 10 सप्ताह में 138 मैच, दो टीमें बनेंगी चैंपियन




इस बार रणजी ट्रॉफी के फॉर्मेट में कुछ बदलाव किए गए हैं। सभी टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। इस बार प्लेट ग्रुप और एलीट ग्रुप में दो टीमें चैंपियन बनेंगी। रणजी ट्रॉफी के 2022-23 सीजन की शुरुआत 13 दिसंबर से हो रही है। पहला मैच सिक्किम और मणिपुर की टीम के बीच खेला जाएगा। पिछले साल कोरोना की वजह से रणजी ट्रॉफी दो हिस्से में हुई थी। पहला चरण आईपीएल के पहले और दूसरा चरण इसके बाद खेला गया था। इस बार ऐसा नहीं होगा। इस बार टूर्नामेंट में मैचों की संख्या में कोई कटौती नहीं की गई है। सभी टीमों को ग्रुप में बांटा गया है। प्लेट और एलीट ग्रुप की टीमें अलग-अलग खेलेंगी और अलग चैंपियन भी बनेंगी। इस तरह इस बार दो टीमें रणजी चैंपियन बनेंगी। इस बार रणजी ट्रॉफी में क्या नया होगा, किस फॉर्मेट में टूर्नामेंट खेला जाएगा, किन नियमों में बदलाव हुआ है और किन खिलाड़ियों पर सभी की नजर रहेगी। आइए जानते हैं।क्या होगा फॉर्मेट? पिछले साल झारखंड की टीम ने नगालैंड के खिलाफ 1008 रन की बढ़त ले ली थी। वहीं, मुंबई ने उत्तराखंड को 725 रन के अंतर से हराया था। बीसीसीआई ने इस बार इस बात का ध्यान रखा है कि ऐसे एकतरफा मुकाबले न हों। इसी वजह से सभी टीमों को प्लेट और एलीट दो ग्रुप में बांटा गया है। नॉकआउट स्टेज में प्लेट ग्रुप की टीमें एलीट ग्रुप की टीमों के साथ नहीं खेलेंगी। इससे एकतरफा मुकाबले होने की संभावना कम होगी और टूर्नामेंट का रोमांच बढ़ेगा।

एलीट ग्रुप में आठ टीमें आपस में खेलेंगी और हर एलीट ग्रुप में शुरुआती दो स्थान में रहने वाली टीमें क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी। कुल चार एलीट ग्रुप होंगे। हर ग्रुप की टीमें आपस में मैच खेलेंगी। हर टीम अपने घर और बाहर बराबर मैच खेलेगी। वहीं, प्लेट ग्रुप में कुल छह टीमें हैं और सभी एक दूसरे के साथ खेलेंगी। इनमें से टॉप चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। वहीं, आखिरी दो टीमें पांचवें और छठे स्थान के लिए भिड़ेंगी। सेमीफाइनल में हारने वाली टीमें चौथे और पांचवें स्थान के लिए खेलेंगी। इस तरह सभी टीमें एलीट ग्रुप की टीमों के बराबर सात लीग मैच खेलेंगी। प्लेट ग्रुप के फाइनल में पहुंचने वाली टीमें अगले सीजन एलीट ग्रुप में खेलेंगी। वहीं, सभी चार एलीट ग्रुप में आखिरी स्थान पर रहने वाली टीमें अंक के आधार पर एलीट ग्रुप से बाहर हो जाएंगी इन खिलाड़ियों पर रहेगी नजर- मुंबई की कप्तानी अजिंक्य रहाणे के हाथ में है। वहीं, ईशांत शर्मा दिल्ली के लिए खेलेंगे। सूर्यकुमार भी दूसरे राउंड के मैचो के लिए मुंबई के लिए उपलब्ध होंगे। चेतेश्वर पुजारा तीसरे राउंड के मैच से खेल सकेंगे। हनुमा विहारी और मयंक अग्रवाल भी इस टूर्नामेंट के जरिए भारतीय टीम में वापसी की कोशिश करेंगे। नए खिलाड़ियों की बात करें तो यश धुल और यशस्वी जायसवाल पर सभी की नजर होगी।

बंगाल के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार भी इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन कर भारतीय टीम में अपनी जगह बनाने की कोशिश करेंगे। स्पिन गेंदबाजों में उत्तर प्रदेश के सौरभ कुमार चाइनामैन कुलदीप यादव और लेग स्पिनर राहुल चाहर भी कमाल करने के लिए बेताब होंगे।

इस टूर्नामेंट के जरिए भारत को अश्विन और जडेजा की जगह टेस्ट टीम के लिए अच्छे स्पिनर मिल सकते हैं। पिछले सीजन में मुंबई के सरफराज खान और अरुणाचल प्रदेश के राहुल दलाल ने कमाल की बल्लेबाजी की थी। इन दोनों पर सभी की नजर होगी। वहीं, गेंदबाजों में जयदेव उनादकट और मुंबई के शम्स मुलानी ने शानदार प्रदर्शन किया था। इन दोनों के प्रदर्शन पर भी सभी की निगाह होगी।

# झड़प की खबरों को लेकर कांग्रेस ने केंद्र को घेरा, ओवैसी का आरोप- देश को अंधेरे में रखा



चीनी सैनिकों की घुसपैठ के मामले पर कांग्रेस और एआईएमआईएम तीखी प्रतिक्रिया दी है। मंगलवार को विपक्ष इस मसले को संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान सदन में भी उठा सकता है। कांग्रेस ने इसे लेकर सरकार और पीएम मोदी को निशाने पर लिया है। भारत और चीन के सैनिकों के बीच अरुणाचल प्रदेश के तवांग इलाके में झड़प का मामला तूल पकड़ रहा है। सूत्रों के मुताबिक, बीते 9 दिसंबर को भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच झड़प हुई थी। इस झड़प में दोनों पक्षों के जवान घायल हुए हैं। सूत्रों ने यह भी बताया है कि तवांग के याग्त्से एरिया में चीनी सैनिक भारतीय सेना की चौकी को हटाना चाहते थे, लेकिन भारतीय सैनिकों ने करारा जवाब देते हुए उन्हें खदेड़ दिया। वहीं, चीन और भारत के सैनिकों के बीच हुई इस झड़प को मुद्दा बनाकर विपक्ष ने केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस और एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने इस मामले में तीखी प्रतिक्रिया दी है। आज यानी मंगलवार को विपक्ष इस मसले को संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान सदन में भी उठा सकता है। अपनी राजनीतिक छवि को बचाने के लिए मोदी सरकार मामले को दबा रही- कांग्रेस - हिंसक झड़प पर कांग्रेस ने भी सरकार को घेरा है। कांग्रेस ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प का मामला सामने आया है। वक्त आ गया है कि सरकार ढुलमुल रवैया छोड़कर सख्त लहजे में चीन को समझाए कि उसकी यह हरकत बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भी ट्वीट करते हुए मोदी सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा कि %भारतीय सेना के शौर्य पर हमें गर्व है। सीमा पर चीन की हरकतें किसी भी तरह से स्वीकार नहीं की जाएंगी। बीते दो साल से हम बार-बार सरकार को जगाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन मोदी सरकार केवल अपनी राजनीतिक छवि को बचाने के लिए इस मामले को दबाने में लगी है। इसी कारण चीन का दुस्साहस बढ़ता जा रहा है।

## क्या बोले असदुद्दीन ओवैसी

भारत-चीन के सैनिकों के बीच हुई हालिया झड़प को लेकर एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने तल्ख टिप्पणी की है। उन्होंने सरकार को घेरते हुए कहा कि अरुणाचल प्रदेश से आ रही खबरें चिंताजनक हैं। भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच एक बड़ी झड़प हुई और सरकार ने देश को कई दिनों तक अंधेरे में रखा। जब संसद का सत्र चल रहा था तब इस बारे में क्यों नहीं बताया गया? घटना का ब्योरा अधूरा है। ओवैसी ने कहा, सरकार को संसद को सूचित करना चाहिए था। हमें भारतीय सेना पर पूरा भरोसा है। गलवान के दौरान पीएम मोदी ने कहा था कि न कोई घुसा और न ही कोई घुसेगा। क्या वह अब भी ऐसा ही कहेंगे? मुंहतोड़ जवाब क्यों नहीं दिया जा रहा है? ओवैसी ने आगे कहा कि संसद में सरकार से जवाब मांगे जाने की जरूरत है और उम्मीद है कि सरकार इस मुद्दे से नहीं भागेगी। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि हमारे सैनिकों के घायल होने के बावजूद चीन के पक्ष में व्यापार असंतुलन है। हमें संसद में सरकार से जवाब चाहिए और स्थगन प्रस्ताव लाया जाएगा। हमें उम्मीद है कि सरकार इस मुद्दे से दूर नहीं भागेगी। एक के बाद एक कई ट्वीट करते हुए ओवैसी ने सवाल किया कि झड़प की वजह क्या थी? गोलियां चली थीं या ये गलवान जैसा था? कितने सैनिक घायल हुए हैं, उनकी हालत क्या है? चीन को एक कड़ा संदेश भेजने के लिए संसद सैनिकों को अपना सार्वजनिक समर्थन क्यों नहीं दे सकती है। अपने एक अन्य ट्वीट में उन्होंने पीएम मोदी पर भी निशाना साधा। उन्होंने लिखा कि %सेना किसी भी वक्त चीन को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। पीएम मोदी के नेतृत्व में कमजोर राजनीतिक नेतृत्व ही चीन के खिलाफ इस अपमान का कारण बना है। संसद में इस पर तत्काल चर्चा की जरूरत है। मैं कल इस मुद्दे पर स्थगन प्रस्ताव पेश करूंगा।

## केजरीवाल ने की सैनिकों के स्वस्थ होने की कामना

वहीं, इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमारी सेना के जवान देश की शान हैं। मैं उनके शौर्य को सलाम करता हूं। साथ ही भगवान से उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

## पेंड्रा नगर में बी जे पी का सफल/असफल धरना एवम भूख हड़ताल

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही-माननीय अरुण साव जी भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जी के कुशल नेतृत्व एवम मार्गदर्शन में इन दिनों पेंड्रा नगर में बी जे पी का सफल/असफल धरना एवम भूख हड़ताल का कार्यक्रम हुआ और इसमें स्थानीय बी जे पी ने जिस प्रकार गुटबाजी की और दोनो गुटों ने जो सफल शक्ति प्रदर्शन किया उससे आगामी 2023 में होने वाले विधान सभा चुनाव के लिए जो संदेश क्षेत्र में गया है उसके लिए मैं जोगी कांग्रेस की ओर से आपको धन्यवाद देता हूं।वैसे तो कोटा विधानसभा क्षेत्र जोगी कांग्रेस का गढ़ है, यहां से बी जे पी कभी भी जीत नहीं सकी है फिर भी आपके सहयोग की आकांक्षा के साथ आपको शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष श्री चरणदास महंत का जन्मदिन ब्लॉक कांग्रेस पेण्ड्रा के तत्वावधान में मनाया गया



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

पेण्ड्रा-विधानसभा अध्यक्ष के जन्मदिन पर ब्लॉक कांग्रेस पेण्ड्रा के अध्यक्ष प्रशांत श्रीवास एवं नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जालान ने कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पेण्ड्रा में मरीज़ों को फल व बिस्किट वितरित कर के मनाया व विधानसभा अध्यक्ष की अच्छी सेहत व लम्बी उम्र की कामना की।
इस मौके पर पार्षद इक़बाल सिंह,वरिष्ठ कांग्रेसी पवन सुल्तानिया, पार्षद जयदत्त तिवारी,जेलेश सिंह,रईस खान,पारस चौधरी, गिरिजा रानी,मनोज,स्वेता मिश्रा,मंजू सिंह,रियांश सोनी,शशांक शर्मा,राजा ठाकुर सहित कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## हर महीने 30 क्विंटल से कम गोबर खरीदी वाले गौठानों से सम्बद्ध आरएईओ एवं सचिवों को नोटिस जारी करने-वेतन रोकने के निर्देश

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेंड्रा मरवाही-कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन, उपलब्धि और जनशिकायतों एवं जनसमस्याओं के निराकरण की विभागवार समीक्षा की। उन्होने गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों में अनिवार्य रूप से हर महीने में कम से कम 30 क्विंटल गोबर खरीदी सुनिश्चित करने के साथ ही 30 क्विंटल से कम खरीदी वाले गौठानों से सम्बद्ध ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं सचिव को नोटिस जारी करने तथा समुचित कारण नहीं बताए जाने पर वेतन रोकने के निर्देश सभी जनपद सीईओ को दिए। कलेक्टर ने मवेशियों के चारे के लिए प्रत्येक गौठानों में कम से कम 30-30 ट्राली पैरा एकत्रित कराने के भी निर्देश दिए। उन्होने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की समीक्षा के दौरान किसानो के लिए धान बेचने के लिए निर्धारित रकबे का सत्यापन, रकबा समर्पण कराने तथा लघु एवं सीमांत किसानों को धान बेचने के लिए प्रोत्साहित करने और प्राथमिकता से टोकन काटने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होने स्कूली बच्चों तथा ग्रामीणों को खेल-कूद के लिए प्रोत्साहित करने स्कूलों एवं पंचायतो में स्थित लगभग 50 खेल मैदानों के रख-रखाव तथा वहां कबड्डी, क्रिकेट, फुटबाल आदि खेलों के लिए बुनयादी सुविधाएं उपलब्ध कराने कहा ताकि गर्मी की छुट्टी मे खिलाड़ियो को बेहतर सुविधा मिल सके।कलेक्टर ने जिले के चिन्हित गौठानों में रीपा के तहत हो रहे कार्यो में तेजी लाते हुए अद्योसंरचना का कार्य शीघ्र पूर्ण करने और उत्पादन कार्य शुरू कराने कहा। उन्होने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित महिला स्व सहायता समूहों की ऑनलाइन एंट्री कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने नगर पंचायत गौरेला एवं पेंड्रा में वार्डवार अनियमित भवनों का जांच कराकर अनिवार्य रूप से नियमितीकरण कराने तथा शहरी क्षेत्रों में स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य शुरू कराने कहा। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत कार्यो के लिए कार्यादेश जारी करने, लगभग 16 हजार निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्र करने तथा पूर्ण हो चुके कार्यो के संचालन एवं संधारण के लिए ग्राम जल स्वच्छता समिति को सौंपने एवं उन्हे प्रशिक्षित करने कहा। उन्होने मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत आंगनबाडी केंद्रों में हर सप्ताह बच्चों को अण्डा, केला एवं खीर खिलाने, सभी स्कूली बच्चों का पात्रता के अनुसार जाति प्रमाण पत्र बनाने, हाट बाजार क्लीनिक योजना के तहत निर्माणाधीन शेडो का निर्माण शीघ्र पूर्ण कराने के साथ ही जिला नोडल अधिकारियों को हर महीने स्कूलों, छात्रावासों, आश्रमों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।